मैनेजमेंट फेस्टिवल एगोन 4.0 का समापन

आइआइएम रांची को विजेता का पुरस्कार

विजेता भावी मैनेजरों को किया गया पुरस्कृत.

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

आइआइएम रांची में चल रहे एनुअल मैनेजमेंट फेस्टिवल -एगोन 4.0 का समापन रविवार को हुआ. दो दिनों तक चले इस इवेंट में 1500 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. इनके बीच 20 से अधिक विभिन्न मैनेजमेंट आधारित प्रतिस्पर्धाएं हुईं. अंतिम दिन आइआइएम रांची के एचआर क्लब ओर से आयोजित हायर प्रतियोगिता भी हुई. इसमें 370 से अधिक प्रतिभागियों ने छह टीमों में हिस्सा लिया. प्रतियोगिता का विजेता आइआइटी खड़गपुर की टीम बनी. इसके निर्णायक लीगल व मैनेजमेंट एक्सपर्ट अक्षत गुप्ता थे. इसके बाद हुई काउनड्रम प्रतियोगिता में आइआइएम इंदौर, एक्सएलआरआइ, आइएमआइ दिल्ली व आइआइएम रांची की टीम पहुंची. इसका विजेता आइआइएम रांची बना.

Prabhat Khabar, 01.10.2018, Pg. 19